पेज थ्री देहरादून
# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र ने इसे हिंदी सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि ऋषि कपूर न केवल एक महान अभिनेता बल्कि एक बेहतरीन इंसान एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी भी थे। उनका एवं उनके परिवार का हिंदी सिनेमा जगत में अतुलनीय योगदान रहा है। ऋषि कपूर सदैव फिल्म प्रेमियों के दिलों में छाए रहेंगे।

### मजदूरों और जरूरतमंदों को काम मिलने तक जारी रहेगी मोदी किचनः गणेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गणेश जोशी ने निर्णय लिया है कि वह अपनी विधानसभा में चलने वाली मोदी किचन को लॉकडाउन समाप्त होने के बाद भी मजदूरों और जरूरतमंदों को काम मिलने तक जारी रखेंगे। विधायक ने अपने क्षेत्र के लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि वह अब तक 25 हजार सैनिटाइजर 60 हजार मास्क और लगभग आठ हजार राशन किट और काफी मात्रा में दवाइयां बटवा चुके हैं, साथ ही मोदी किचन से भोजन पैकेट वितरित किए जा रहे हैं पर जानकारी में आया है कि कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर रहे हैं उन्होंने ऐसे लोगों से अपील की कि पात्र लोगों की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऐसा नहीं करें।

### प्रधानाचार्या डा. कुसुम ने से.नि पर सीएम राहत कोष में दिया 50 हजार का दान

**संवाददाता** देहरादून। फूल चंद नारी शिल्प मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज दून की प्रधानाचार्या डॉ. कुसुम रानी नैथानी ने अपने जन्मदिन एवं सेवानिवृत्ति के अवसर पर कोरोना वायरस संक्रमितों के लिए जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से पचास हजार रुपए का चेक सीएम राहत कोष के लिए दिया है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. नैथानी को जन्मदिन एवं सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दी।

### किसानों के लिए भी राहत पैकेज की घोषणा करे केन्द्र व राज्य सरकारः बेहड़

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ ने कहा है कि देश में जारी कोरोना वायरस कोविड 19 के संकटकाल के बीच केंद्र व राज्य सरकार को किसानों के लिए भी राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। बेहड़ ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सिर्फ उद्योगों को अनुदान देने से कुछ नहीं होने वाला है। इसके लिए अर्थव्यवस्था के पायदान पर सबसे निचले स्थान पर बैठे अन्नदाता किसान पर ध्यान दिए जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

## रुड़की में छिपकर रह रहे आठ जमाती होंगे आइसोलेट

**संवाददाता** देहरादून। हरिद्वार जिले के रुड़की में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम ने आठ जमातियों को पकड़ा है। ये सभी देहरादून और सहसपुर से 40 दिन की जमात के बाद लौटे थे। फिलहाल, सभी जमातियों को क्वाड़ा में आइसोलेट किया जा रहा है। उत्तराखंड में कोरोना वायरस का ग्राफ दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। अब तक प्रदेशभर में 56 कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं, जिनमें आधे से ज्यादा जमाती भी शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मरीज देहरादून, नैनीताल और हरिद्वार से हैं। हरिद्वार में अबतक सात लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है, जिनमें से पांच लोग स्वस्थ होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज भी हो चुके हैं। वहीं, कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार भी पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। अबतक कई कॉलोनियों को सील भी किया जा चुका है। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रुड़की के मरगूब पुर गांव में आठ जमाती छिपकर रह रहे हैं। इससे हड़कंप मच गया। गांव पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आठ जमातियों को पकड़ा है। यह जमाती 28 मार्च को देहरादून के सहसपुर से 40 दिन की जमात करने के बाद लौटे थे। सभी जमातियों को क्वाड़ा मेडिकल कॉलेज में आइसोलेट किया जा रहा है, जहां सभी के सैंपल लेकर उन्हें कोरोना जांच के लिए भेजा जाएगा।

# विभिन्न हिस्सों में फंसे लोगों को वापस लाने का रास्ता साफ

**दिशा निर्देश**

**संवाददाता**

- लॉकडाउन के कारण फंसे लोग अब लौट सकेंगे घर
- केंद्र सरकार ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए
- प्रदेश में इस समय प्रदेश के दूसरे राज्यों के 1219 पर्यटक फंसे हुए हैं

देहरादून। लॉकडाउन के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में फंसे लोगों को वापस लाने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस क्रम में उत्तराखंड शासन ने अन्य राज्यों को उनके राज्य के लोगों के संबंध में जानकारी देने के साथ ही उत्तराखंड के लोगों के संबंध में उनसे जानकारी मांगी है। मकसद यह कि फंसे लोगों की संख्या के हिसाब से उन्हें वापस लाने के लिए बसों को भेजा जा सके।

प्रदेश में इस समय प्रदेश के दूसरे राज्यों के 1219 पर्यटक फंसे हुए हैं। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों की संख्या 35 हजार से अधिक है। अब केंद्र ने इन लोगों की परेशानी को देखते हुए सभी राज्यों में फंसे हुए पर्यटकों को वापस भेजने और प्रवासी श्रमिकों के अवागमन का रास्ता भी खोल दिया है। इससे अब विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में गए श्रमिकों का अवागमन हो सकेगा और निर्माण कार्यों को गति मिल सकेगी।



सांकेतिक चित्र।

हालाकि, इन्हें राज्य के भीतर इधर–उधर ले जाने से पहले एक नोडल अधिकारी की तैनाती होगी, जो इनके संबंध में पूरा ब्योरा रखेगा। दूसरे प्रदेशों के यात्रियों के संबंध में भी केंद्र ने साफ किया है कि एक–दूसरे राज्य की सहमति के बाद इन्हें बसों द्वारा लाया और ले जाया जा सकेगा। इन यात्रियों को लाने–लेजाने से पहले इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, जो लोग संक्रमण मुक्त होंगे उन्हें ही आने जाने की अनुमति होगी। राज्य में वापस लाने के बाद इन लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। इसके बाद इन्हें होम क्वारंटाइन या संस्थागत क्वारंटाइन किया जाएगा।

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों और मजदूरों को लाने ले जाने के संबंध में केंद्र से दिशा–निर्देश मिले हैं। सभी लोगों का ब्योरा तैयार कर संबंधित प्रदेशों को भेजा जा रहा है। अन्य प्रदेशों से भी इसकी अपेक्षा की गई है।

# सीएम ने पीसीआर टेस्टिंग लेबोरेटरी का उद्घाटन किया

**लोकार्पण**

■ पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं टिहरी जनपद जनपदों के लोगों के सैंपल लेने में आसानी होगी



देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरुवार को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में कोविड–19 पी.सी. आर टेस्टिंग लैब का ऑनलाईन लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कोविड टेस्टिंग लैब से पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं टिहरी जनपद जनपदों के लोगों के सैंपल लेने में आसानी होगी। अल्मोड़ा एवं हरिद्वार में भी जल्द टेस्टिंग लैब बनाई जाएगी। अब प्रदेश में कोरोना के सैंपल लेने में और तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से श्रीनगर में सैंपल टेस्ट होने शुरू हो गए हैं। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 100 से अधिक सैंपलों की टेस्टिंग होगी। अभी तक प्रदेश में 5602 सैंपलों की रिपोर्ट आ चुकी है जिसमें 55 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे, इनमें से 36 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना से अभी तक कोई मृत्यु नहीं हुई है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, विधायक मुकेश कोहली, स्वास्थ्य सचिव नितेश झा, निदेशक एनएचएम युगल किशोर पंत आदि उपस्थित थे।

## एक फिर बदला मौसम का मिजाज तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

**संवाददाता** देहरादून। एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। गुरुवार दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कहीं तो ओले भी गिरे। इससे तापमान में गिरावट आ गई। मौसम अभी राहत देने का नाम नहीं ले रहा है। ओलावृष्टि और बारिश से फसलें बर्बाद हो रही हैं और किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। गुरुवार को मौसम विभाग की बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी सही साबित हुई। उधर, चारधाम में भी बर्फबारी के आसार बने हैं। उत्तराखंड में दिनभर बादलों और धूप की आंख–मिचौनी चलती रही। कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में शाम के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जबकि, मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की थी, जो सही साबित भी हुई। मैदानी क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के मुताबिक अभी अगले तीन से चार दिन मौसम का मिजाज में ऐसा ही रहेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।